**Regarding refund of money to investors of Sahara Cooperatives-laid**

श्री रमाशंकर राजभर **(सलेमपुर) :** लगभग 26 राज्यों के 2 करोड़ 76 लाख छोटे निवेशकों ने लगभग 80 हजार करोड़ रुपया सहारा कोऑपरेटिव में जमा किया । केंद्र सरकार ने एक पोर्टल लॉन्च किया, छह माह पूर्व सरकार द्वारा कहा गया कि 10 हजार रुपया प्रथमत: मिलेगा । लोगों ने जन सेवा केंद्रों पर लाइन लगाकर पोर्टल पर अपना रिकॉर्ड ऑनलाइन किया ,लेकिन कुछ नहीं हुआ । यूपी में सहारा की स्कीमों में लगभग 85 लाख लोगों ने 22 हजार करोड़ का निवेश किया, चूंकि पूर्वांचल ही सहारा कंपनी का जन्मदाता था इसलिए पूर्वांचल के लोगों का पैसा छोटे दुकानदारों का भी पैसा छोटी-छोटी बचत कर जमा हुआ परंतु यह जमा पैसा नहीं मिलने से बेटियों की शादियां रुक गई, और सपने टूट गए, कंपनी के लाखों कर्मचारी भी जो कभी कर्मयोगी कहे जाते थे, आज फटेहाल हो गए हैं । कोर्ट, सरकार, कंपनी के चक्कर में निवेशकों को पीसा जा रहा है । मैं सरकार से पुरजोर मांग करता हूं कि निवेशकों का पैसा हर हाल में दिलवाया जाए ।